कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 214 /12–1 :देहरादून:दिनांक: 23 जुलाई, 2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषय :– जनपद–नैनीताल के ब्लॉक ओखलकांडा में कटना से वारी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.53 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/43594/2019)

संदर्भ :– आपकी पत्र संख्या–3437/12–1 दिनांक 29.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगतनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 16.10.2023 के अनुपालन में सूचना प्रेषित की गयी है। प्रेषित की गयी सूचना चाही गयी सूचना के अनुरूप नहीं है। प्रकरण में निम्नानुसार बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध करायी जानी है :–

1. बिन्दु संख्या–1 के क्रम में अभी भी ग्राम कटना को Kml file में नहीं दर्शाया गया है।
2. बिन्दु संख्या–2 के क्रम में वांछित अभिलेख संलग्न कर प्रेषित नहीं किये गये हैं।
3. बिन्दु संख्या–5 के क्रम में प्रभावित होने वाले वृक्षों के सम्बन्ध में पूर्ण सूचना प्रेषित नहीं की गयी है, जिसमें प्रभावित होने वाले वृक्ष की गणना कितने मीटर चौड़ाई में की गयी है का उल्लेख नहीं किया गया है।
4. बिन्दु संख्या–6 के क्रम में मलवा निस्तारण हेतु चयनित डम्पिंग स्थलों को Kml file में नहीं दर्शाया गया है और न ही ऑनलाईन पार्ट–I के Component wise breakup में मलवा निस्तारण हेतु प्रस्तावित नाप भूमि के क्षेत्रफल का उल्लेख किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार भारत सरकार द्वारा चाही गयी परिपूर्ण सूचना शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या :– 214 /12–1 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सन्दर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, भवाली, (नैनीताल)।

(आर0के0 मिश्र)
प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।